नमस्कार! तो The topic is aesthetic और इन्होंने अभिनवगुप्त के बारे में तो बताया ही है आपको, so I do not vary from that ideology very much. लेकिन मेरा ऐसा कहना है कि aesthetic जो है, it cannot be a separate issue. It has to belong to someone or to a certain situation तो जिस परंपरा में आप बजा रहे हो या जो परंपरा के विचार हैं या जो साज़ आपके हाथ में है that will dictate in a very large way what the aesthetic are. अगर आप वीणा बजा रहे हैं तो aesthetic अलग होता है, अगर आप सितार बजा रहे है तो थोड़ा फर्क आएगा क्योंकि उसके resonance में फर्क है। उसकी ध्वनि का जो duration है उसमें फर्क है। तो आप ज़्यादा stroke लगा कर उसको कुछ अलग चीज़ करोगे। जैसे आप मुर्की कहते हैं, तो मुर्की अगर आप सितार में लेते हैं तो ये अलग किस्म से थोड़ी भारी रहेगी जैसे वीणा में लेते हैं तो बहुत ही subtle तरीके से ली जाएगी। हमारी जो परंपरा है वो साधारणी गीति की परंपरा है और उसकी विशेषता है सुक्ष्मता। हम ऐसा मानते हैं कि जो भी स्वर है अगर उसका aesthetical value करना है तो हमेशा उस स्वर को लगाने की ज़रूरत नहीं है। जैसे आप खड़े है, मैंने कह दिया आप बैठ जाइए, फिर मैंने यूँ इशारा भी किया, बात तो एक ही हुई। तो अर्ध स्वर, अर्ध शब्द का उसके अंदर, like रन्य, अन्य, ये अर्ध शब्द हैं, अर्ध स्वर का उसके अंदर इस्तेमाल होगा।

Normally, आप जो भैरवी सुन रहे हैं ये एक परंपरा चल रही है और हमारे यहाँ जो भैरवी चल रही है वो शायद थोड़ी सी आपको अलग लगे। ये नहीं कह रहा हूँ कि better है या worse है लेकिन एक विचारधारा है उस रागदारी की। मैं आपके सामने रखता हूँ और उसमें सुक्ष्मता से हम कोशिश करते हैं, रिषभ कैसा लगाना चाहिए। जैसे इन्होंने कहा कि timing होना चाहिए उसमें, कितने देर के लिए लगाना चाहिए, उस राग की शुद्धता कैसे बनाए रखें। तो ये सब factors हैं जो aesthetics को strong करते हैं। इसके बगैर हमारे यहाँ aesthetics possible नहीं है। हम सिर्फ aesthetics कर सकते हैं ऐसा नहीं है, हमको रागदारी माननी पड़ेगी, राग की timing, उसके phrase की cutting, राग की शुद्धता ये सब चीज़े हमको माननी पड़ेगी। और फिर उसको सुंदरता के साथ प्रस्तुत करना पड़ेगा। एक framework के अंदर करना पड़ता है।

आपने गायकी अंग की बात की हमारे यहाँ जो वादन होता है, वो गायकी अंग से ही होता है। क्योंकि हमारी परंपरा गाने की है तो हम जो वीणा पर बजाते हैं वो गायन ही बजाते हैं।

तो बहुत सी चीज़े इसमें हम उसी प्रकार बजाएँगे। अभी इस परदे पर है पंचम, लेकिन भैरवी की पंचम, यहाँ रहेगी। एक श्रुति चढ़ी हुई रहेगी। संवाद स्वर, त्रिभिन्न स्वर। इस तरह से जैसे भैरवी चंचल माना जाता है। लेकिन अगर आप उसको वीणा पर बजाएंगे तो उसकी चंचलता का स्वभाव कैसा रहेगा। क्योंकि एक मृग है अगर वो चंचल है, तो उसका स्वभाव अलग है एक हाथी है वो अगर चंचल है तो मृग की तरह नहीं भाग सकता। तो उसमें चंचलता कैसे रहेगी। तो उस राग का अगर आपको बढ़ावा करना है या उसमें बारीक चीज़ें, चंचलता दिखाती है, उसमें aesthetics लाने हैं तो आपको उसका स्वभाव, वाद्य का स्वभाव और राग का स्वभाव और दोनों का एक meeting point लाकर आपको उस हिसाब से करना पड़ेगा। मेरे हिसाब से हमारे यहाँ ज़्यादा कुछ वैसे बदला नहीं है as far as आप वो कहते है ना कि aesthetics में महीन होती जाती हैं चीज़े और, ये बात ज़रूरी है कि हर परंपरा अपने हिसाब से कुछ न कुछ उसको contribute करता है।

जैसे हमारे यहाँ एक विचारधारा है कि जो ध्रुपद–धमार धमार में विलम्बित है, उसका विस्तार उसकी तरह से रखते हैं। उसका विस्तार हम fast में जा के नहीं करेंगें। कुछ लोग करते हैं लेकिन aesthetically हम उसको मानते हैं कि उसे बिगाड़ा गया है। जैसे कि–तो ये जो चलेगा, उसका विस्तार भी ऐसे होगा। इस तरह से नहीं जाएगा, तो उसका हमको ध्यान रखना पड़ता है। ध्रुपद में, धमार में यदि fast composition है तो उसका अलग से विस्तार होगा। इन चीज़ों का विलम्बित में विस्तार होगा। तो ये विचार हमारे यहाँ अभी भी है कि इसको बिगाड़ना नहीं चाहिए। अगर fast रचना है धमार में तो उसको fast में रचिए। तो ऐसे ही–अभी कुछ चीज़े बदलती ऐसे हैं जैसे हमारे पिताजी ने कुछ composition जब, मुझे याद है 76–77 में किसी को सीखाएं थे। एक बिहागड़ा का composition है, पिताजी 86 में, जब उनकी उम्र हो गई 56 या कुछ, तो composition में उन्होंने कैसे बारीक चीज़ों को बदला aesthetics को उन्होंने कहा कि ये और ज़्यादा सुंदर लगता है। कैसे प्रमाण के तौर पर देता है–फिर उन्होंने बाद में इसमें विचार किया। उन्होंने कहा की–इसको इस तरह से करेंगे तो और सुंदर होगा। aesthetically उनको लगा कि ये रागदारी के अंदर allowed है और इसको हम include कर सकते हैं। फिर वो करते–करते हमारे पिताजी के छोटे भाई थे फरीऊद्दीन डागर साहब बोले– ऐसा नहीं भाई साहब, ऐसे करेंगें तो यह individually होता है, जैसे उसकी क्षमता होती है, जैसा उसके समझ का दायरा होता है उसी के अनुसार वह धीमे–धीमे उस चीज़ को बढ़ाता है। इस तरह से aesthetics एक इंसान का स्वभाव भी होता है। जो उसका स्वभाव है, उस हिसाब से उसको ढालेगा। क्योंकि

रस दो रूप में प्रकट होते हैं। एक अंदर होता है और एक जो बाहर प्रकट हो रहा है। तो एक उसका मूल स्वरूप होता है और जो बाहर प्रकट हो रहा है, अगर वह शांत है अंदर से तो उसका कुछ, अगर अंदर से its like a fire bale तो अलग होगा। aesthetically हर चीज़ बदली जा सकती है और परंपरा का नियम है कि उसको बदलना चाहिए। अगर उसको हम बदलते नहीं हैं तो परंपरा खत्म हो जाएगी।

**प्रो. महाजनः** कला एक जगह टीकी नहीं रहती।

**डागर जीः** नहीं।

**प्रो. महाजनः** वो एक निरंतर प्रवाह है। चलता रहता है और उसी से ही उसमें संवृद्धि आती है।

**डागर जीः** क्योंकि जो भी आपको दिया गया है it is a reference material आप उस चीज़ को देखो, अगर आप उसको बढ़ा नहीं सकते, तो फिर उसमें शास्त्रीयता का जो वज़न है वह नहीं आ सकता। और aesthetic वहीं, आपको कुछ सुंदर लग सकता है, मुझे कुछ और सुंदर लग सकता है।

**प्रो. महाजनः** बिल्कुल।

**डागर जीः** और अगर हम अपनी voice नहीं open करेंगें तो फिर वो सीमित हो के बंद हो जाएगा।

**प्रो. महाजनः** कोई एक अच्छी सी बंदिश आप सुनाइए। पंडित जी भी आपके साथ हैं और उसमें ये बताते हुए, जैसे अभी आपने बताया कि किस तरह से आपके पिताजी ने सोचा और आगे परंपरा के बीच में रहते हुए, परंपरा तो बनाए रखनी है हमें, तो कुछ ऐसा बताइए कि हमारे बच्चे इस चीज़ को देख सकें कि कैसे उसमें creativity के साथ हम aesthetic appeal करते हैं।

**डागर जीः** फिर से मैं कहूँगा कि वीणा में जो हम हैं एक limited speed में बजाते हैं तो उसमें अगर ज़्यादा fast बजाना हो तो हम सितार बजा लेंगें, सरोद बजा लेंगें इत्यादि और कुछ बजा लेंगें। तो हमें इसकी मर्यादा रखनी पड़ती है। रियाज़ करने से सब कुछ बजा सकते हैं ऐसा कुछ नहीं है लेकिन एक चीज़ की मर्यादा रखनी पड़ती है।

कभी–कभार मैं fast बजा लेता हूँ, but more and more I find myself going to

the slower side because I am more interested in the alap now. और मुझे लगता है कि जितनी possibility और aesthetics आलाप के अंदर हम दिखा सकते हैं, मेरा उतना composition में खुलता नहीं है। So, I am focusing on what I can do. Even in the composition I am trying to introduce more of the alap and more of the vilambit because also otherwise besides this in the entire field everybody is playing whole lot of complex patterns and very beautifully तो I will not be able to add anything into that तो मैं सोच रहा हूँ कि इस चीज़ को, बारीकीयों को, स्वरों को, जैसे हम आलाप में देखते हैं उस तरह से composition में भी करें। उसको एक plainess दें।

**प्रो. महाजनः** बहुत–बहुत धन्यवाद डागर साहब। आपने दो गहरे बिंदु बताए हैं। एक तो ये है कि कोई भी कलाकार होगा वो अपने व्यक्तित्व में और राग के अनुसार, उसके ताल के अनुसार, उसकी जगह के अनुसार, उन तत्वों का प्रयोग करेगा, तब आपको रसानुभूति होगी और दूसरी चीज़ जो आपने अभी उठाई आलाप की मैं अपने सभी students को कहना चाहूँगी कि अगर सारा दिन आपको बोलते रहें के भागो, भागो, भागो, आपको अच्छा लगेगा? जिन्दगी का चैन किसमें है? जब आप सब कुछ संयम से करते हैं। तो आज की जो हमारी युवा पीढ़ी है वह जैसे ही संगीत में आती है चाहे वो गला हो या कोई साज़, वो भागने में ही लगी हुई है। तो उसमें जो रस भाव है उसको भूल जाते हैं। Communication नहीं कर पाते हैं। Communication तभी होती है, जब दो लोग आपस में आराम से बैठते हैं, गुफ्तगू करते हैं। और जो असली हमारा भाव है वो आलाप में ही उजागर होता है। और कलाकार का अपना व्यक्ति विशेष परंपरा के दायरे में रहते हुए प्रयोग करने ही सौंदर्य रस की प्राप्ति आप कर सकते हैं।

**डागर जीः** क्योंकि ये तो इश्क़ की चीज़ है। If you love somebody, you spend time with that person और धीमे–धीमे उसकी बारीक चीज़े आपको समझ में आती है। It is a relationship which you build over the years.

**प्रो. महाजनः** Very beautifully said क्योंकि हमारा संगीत सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है। ये एक ईश्वर प्राप्ति का माध्यम है। हम सब उसी के अंश हैं और उसी में विलीन होना चाहते हैं। तो इसलिए जब आप किसी से प्यार से बात करते हैं तो वो भाव जो उत्पन्न होता है वही आपके गाने–बजाने में भी उजागर होता है। बहुत–बहुत धन्यवाद डागर साहब। और डालचन्द जी आपका भी।

**डागर जी:** एक चीज़ मैं कह रहा हूँ It is related to me and my work. I am not saying it is, it is the only right thing to do. everybody as an opinion and that opinion has to be respected and understood.

*Feb. 2021, Vol. 35*
*ISSN 0975-7872*

# *Paper presentation by the panellist*

***Pt. Bhajan Sopori***
Renowned Santoor artiste
Padma Shri recipient
Sangeet Natak Akademi awardee
New Delhi

Good Morning everybody! नमस्कार सभी को और हमारे बहुत सारे गुणिजन यहाँ तशरीफ फरमाए हैं, आप सभी को मेरा प्रणाम, नमस्कार। कल के session में कुछ चीज़े Aesthetics के बारे में मैंने बयाँ की थी। Theoretical interpretation ग्रंथ, बाकी किताबें, शास्त्र, लेकिन संगीत की दुनिया तब फबती है जब उसका प्रयोग किया जाए वरना ये बातें ही रह जाती हैं। यानी हम define कर लें की खूबसूरती क्या है, ये है, ये सारी चीज़ें हैं, लेकिन जब तक कि वो presentation में न आए, तब तक बात नहीं बनती। वह खूबसूरती कैसे create होती है? practically लागू किया जाता है, फिर उसी की रियाज़त होती है कि राग का साँचा ये है, इसकी आपको ऐसे बढ़त करनी है, ये सुर ऐसे आना चाहिए, इसमें ये बहलावा आना चाहिए, ये shades आने चाहिए, इसके combination में ऐसे जाना चाहिए। तो एक निहायत ही ख़ूबसूरत राग, राग तो सभी ख़ूबसूरत हैं, लेकिन यह एक राग basically कर्नाटिक शैली का राग है। लेकिन अब इतना popular हो गया है। North में कि अक्सर लोग जानते हैं कि ये North से ही है। वह राग है 'बसंत मुखारी'। राग का साँचा मैं बता दूँगा आपको थोड़ा। चूँकि कर्नाटक शैली का राग है और कर्नाटक शैली में तो necessarily सारे राग वहाँ time theory के हिसाब से नहीं जाते, इक्का–दुक्का छोड़कर गानमूर्ति वगैरह रागों को छोड़ कर। लेकिन जब North India किसी चीज़ को accept करता है, तो वह अपने हिसाब से उसकी placement, उसकी identity देता है। सबसे पहले किस थाट के अंतर्गत होगा और time क्या होगा। नई रचनाएँ भी अगर कोई करते हैं राग–रागिनियों की चलती ही रहती हैं, मिश्रण रूप से, what we called fusion in general sense, उसके हिसाब से हमारा ये राग morning में चला जाता है, क्योंकि इसे भैरव थाट के अंतर्गत place किया गया।

जबकि कोई और शास्त्र में इनके किसी और थाट का ज़िक्र है कि यहाँ से है ये, मुखारी थाट से भी है, किसी ने किसी और थाट पर भी place किया है। चूँकि time कम है, technical कोई बहुत ज़्यादा बातें हो नहीं सकतीं। मैं हल्का सा बढ़त की आपको बता दूँगा कि ये राग operate कैसे करता है। शास्त्र के हिसाब से विरह रूप है इसमें। यानी उस भाव का राग है यह,

उस रस अंग की, उस भाव या रस का राग है। लेकिन विरह में कुछ percentage करूणा भी है। क्योंकि मैंने जितनी भी सूफी poetry compose की जो हज़ारों में है वहाँ का विरह रोने धोने का विरह नहीं होता, वह शास्त्र होता है। लेकिन general poetry में जब आता है तो, कहीं न कहीं उसमें ये भाव भी जुड़ जाता है।

संतूर एक वाहिद ऐसा instrument है जिसमें आप देखेंगे कि हरमाइज़ एक–एक note चलते हैं। क्या है कि दायाँ दा रा बायाँ रा, लेकिन इसमें bols का जो सिलसिला मैंने introduce किया है, उसमें आप देख लीजिए कि कैसे ये, जहाँ ज़रूरत है, वहाँ पर ये कैसे balance करके आते हैं, दोनों।

बोल, कहना क्या है, बात क्या बता रहा हूँ मैं। संतूर सिर्फ cut notes नहीं है, तरंग नहीं है, गाना है, गायकी है। और जो चीज़ें वहाँ की requirement हैं, जो उसके essentials हैं, वो आपके तंत्र पर उतरना चाहिए। आपका तंत्र गाना चाहिए, तो perfect है, otherwise नहीं है। Otherwise वो कितना भी खूबसूरत बजाता हो वो light music के लिए है, example के लिए क्योंकि classical की defination ही यही है कि उसका proper एक tonal culture होना चाहिए। अगर वो नहीं है तो बात नहीं बनेगी। यहाँ पर मुझे याद आया था कि, पं॰ व्यास साहब (संबोधित करते हुए) एक बहुत बुजुर्ग आर्टिस्ट थे, उनको कहा कि साहब फलाने किसी की आवाज़ को देखें कि बिल्कुल कोयल के तरह गाती है। तो उसने कहा कि कोयल की आवाज़ तो अच्छी है, मगर रागदारी थोड़े ही गाती है वह। तो ऐसा ही है। आवाज़ अच्छी नहीं चलती, tone अच्छा नहीं चलता। Tone की बारीक़ी बहुत है, क्योंकि गवैये इतनी सारी उमर जो रियाज़त करते हैं, वो सिर्फ अपनी voice को develop करने के लिए ताकि राग शास्त्र उसमें समा सके। ताकि conception of beauty, concept of beauty, concept of aesthetics वो सारा रस, भाव, वो सारा उसमें आना चाहिए। otherwise बात नहीं बनेगी।

अब इसमें देखिये glides कैसे आ रहे हैं। ये कुछ सुर combination जो मैंने प्रस्तुत किये, जल्दी जल्दी में। मैं जोड़ के form में आ रहा हूँ। जोड़ में आप देखेंगे कि एक तो जो अंग, जो तंत्र में आता है, दूसरे छंदादि आ रहे थे। दोनों अंगों को सुनिये आप, और कैसा लगेगा देखिये आप, कितना अच्छा लगेगा।

यहाँ अगर हम 2–3 notes की combination लें

**नि़ सा रे ग ध़ नि़ सा रे नि़, नि़ नि़ रे**

**नि़ रे नि़ रेसा ध़सा, सा ध़ नि़ स रे नि़ सा**

Sound graph हमेशा ऊपर–नीचे बन कर ही भाव create होता है। कर्नाटक राग के साथ ये ठेका बड़ा अच्छा लगता है 'आदितालम्' का।

यह जोड़ का वो हिस्सा है जो छंद आधारित था। थोड़ा–थोड़ा मैं आपको ये बता रहा हूँ, ये sample बता रहा हूँ, और बसंत मुखारी के साथ आपको लिए चल रहा हूँ। Last में बताऊँगा कि मैं क्या prove करना चाहता था जो मैंने plan किया था कि कैसे ये execution होगा, कल के perspective में। इसमें एक बहुत ही बड़ी popular बंदिश है, वो मैं नहीं बजाऊँगा, basically अभी। अभी तो उतना time नहीं है।

जब मैंने कहा कि ये करूण रस का राग है, विरह है, तो एक बहुत ही popular composition जो काफी prominent है। सारे, बहुत सारे घराने भी गाते हैं इसे। "उठत जिया हूक, सुनी कोयल कूक, जिया अगन जले, रैन दिना मोहे चैन नहीं, अब का री करूँ।"

यानी राग के साँचे को लेकर भाव को लेकर composition कैसी की गई है। बड़ी बेहतरीन composition है। बहुत ही अच्छी composition है। कुछ इसमें मैं actually पहले थोड़ा बहुत लिखा भी करता था। ये ज़रा सा बयाँ करूँगा और जो लिखता था basically, कभी jingles वगैरह में, मैं छोटा था, उसमें पैसे भी मिलते थे। तो यहाँ पर incidentally एक बात बताऊँगा कि एक jingle मैंने किया किसी तेल वाल कां तो तेल वाले का गाना तो बड़ा अच्छा हो गया। तो मेरे दोस्तों ने भी कहा कि साहब तेल तो बहुत अच्छा होगा। मैंने कहा हाँ भाई गाना बढ़िया जा रहा है इसका slogan तो। बाद में वो सब मुझे ढूंढने लगे क्योंकि उन सब के बाल निकल गए धीरे–धीरे। तो उन्होंने कहा कि ये इसी की वजह से है। लेकिन एक चीज़ मैं उससे ये समझ गया कि music के बनाने से उस product का impact कितना होता है। बहुत powerful होता है वो। किसी भी चीज़ को बड़ा कर कर के, अंदर क्या है ये नहीं पता। लेकिन presentation में ऐसा हुआ कि भई लाजवाब है। क्या बात है!

इसी तरह से एक composition थी, जो मैंने लिखी थी –

**"लागी लगन तोरी, दरस दिखा जा**
**पिया तोसे मोरी, लागी लगन तोरी"**

तो ये बहुत पहले की composition है, एकताल में हैं, लेकिन मैं एक अभी कितना time है? 5–10 minute... हाँ तो ऐसा कर लेंगे अच्छा एकताल में आजाएंगे। sorry… ज़रा सा time ज़्यादा लग गया।

पुराने system में गतकारी system में एक चीज़ भी काफी अतिद्रुत में गत जो शुरू की जाती थी उसे बजाना ही पड़ता था। माना जाता था कि यही एक system है। अगर वो नहीं

बजेगा तो ऐसा ही होता था कि आप समझिये कि किसी ने कायदा बजाया और उसी लय में conclude कर दिया। वो कहते थे कि ऐसे में कैसे बनेगी बात। ये तो बात नहीं बनेगीं इसको तो जब आप इसके चौगुन में जाएंगे तो उसे वैसे ही बरतना होगा। Otherwise बात नहीं बनेगी। देखियेगा

राग, राग की melodic structure, राग के साथ हमारे rhythms, time and space जो कल मैंने बात की थी, कि वो transform करता है, आपने आज mark किया होगा कि वो कैसे करता है। कुछ देर के लिए हमें पता नहीं रहता है कि कितना time, क्या हुआ, कहा गया वो। और वो जो element है रस का, उसके आनंद का, आप ये सोचें कि उसके भाव अंग का, वो absolutely पूरा एक impact आपके पूरे system पर इतना ज़्यादा डाल देता है कि अपने साथ चूँकि इस systematic थोड़ा सा नहीं रहा ये recital time की कमी की वजह से in between, otherwise ये process जब शुरू हो जाती है, last तक खत्म होती है, तो ये पूरा ही जितना time चला गया है वो कैसे गया, क्यों चला गया और वो उसका conception, आदमी उससे परे आ जाता है। और यही basically मुद्दा है music का कि आपको transcend में लेकर आपको ecstasy में लेकर, अपने को पूरा आदमी भूला दे उस चीज़ को, ताकि आपके system को sooth कर सके। आपकी imagination को, तखेल को उड़ा सके, उठा सके। यही संगीत का मुद्दा है।

Thank you!

## प्रो॰ महाजन

बहुत–बहुत धन्यवाद पंडित जी। आज आपकी इस व्याख्यान में हमें दो–तीन चीज़ें उभर कर आती हैं सामने। एक तो एक स्वर अपने आप को कैसे handover करता है और दूसरो स्वर take over कैसे करता है। ये भारतीय संगीत की एक बहुत बड़ी जीवंत चीज़ हैं और दूसरी बात ये है कि कौन सा राग है, कौन सी विधा है, कौन सा ताल है। ये सब चीज़ें मिलकर ही एक सौंदर्य तत्व को उभारते हैं। औज आज हम एक world music की तरफ जा रहे हैं। कैसे हम दूसरों के राग को लेते हैं या दूसरी चीज़ को लेते हैं, meeting point क्या होता है। वो बिंदु कैसा है कि जहाँ पर कोई चीज़ बिखरी हुई ना हो। दूध और पानी का मिलन हो जाए। ना कि दूध और तेल का या पानी और तेल का मिलन। और मैं समझती हूँ पंडित जी ने आज गागर में सागर भर दी है और यहाँ बैठे पूरे hall में सभी लोगों को बिना किसी टिकट के, बिना किसी थकान के dul lake की जो नरम नरम लहरें थीं, झरने की जो कलकल थी, वादियाँ हरी भरी वादियाँ, और जो पहाड़ों की सैर आपको कराई है, उसके लिये मैं इनका तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूँ और सबसे नया जो प्रयास इन्होंने किया है जोड़ में लयकारी को कैसे इन्होंने पखावज के छंद

से जोड़ा है। ये बच्चों के एक बहुत सीखने की चीज़ है कि जो हमारा सौंदर्य है वो रूकता नहीं है, वो निरंतर बहने की कला है और मुझे लगता है कि जब हम बहुत बुढ़े हो जाएंगे, युवा पीढ़ी हमें इसका नया दर्शन करायेगी। बहुत बहुत धन्यवादन मंच मे सभी का। आप सब का धन्यवाद।

*Feb. 2021, Vol. 35*
*ISSN 0975-7872*

# Session IV

## *Aesthetic presentation of Tala in Percussion Music*

Opening remarks by the Chairperson

***Prof. Mukund Bhale***
Renowned Tabla maestro
Fmr. Dean, Faculty of Music
Indira Kala Sangeet Vishwavidyalaya
Khairagarh, Chhattisgarh

इतना अच्छा सारे लोगों के presentation सुनने मिले मुझे, और अनुपम जी (Prof. Anupam Mahajan) ने क्या अच्छा chairperson का काम किया है। बहुत अच्छा! क्योंकि समय बहुत हो गया है इसलिये मैं कुछ ज़्यादा बोल नहीं पाऊँगा, वैसे भी मुझे 4–5 मिनट दिए गये थे, तो सिर्फ यह कहना है कि ताल एक अनुशासन होता है। ताल, मात्राओं से नापा गया समय, जो ताली–खाली के माध्यम से प्रदर्शित होता है, उसे ताल कहते हैं। और इसलिये ताल का सौंदर्य उस तरह से नहीं होता है जिस तरह से किसी राग का सौंदर्य होता है/ दिखा सकते हैं। तो फिर हम ताल का जो सौंदर्य है, वह ताल में बजने वाली किसी भी रचना के माध्यम से दिखाते हैं। तो इसलिये चाहे फिर वह तबले का / पखावज का ठेका हो, या सितार की / सरोद की गत हो, यह सारे एक तरह के ठेके हैं। तो ठेके से मुझे एक चीज़ याद आयी कि नाथद्वारा (राजस्थान) में ठेके को 'पेशकार' कहते हैं। यह है कि 'मार्ग ताल' 5 थे और उन 5 तालों के द्विकल, चतुष्कल, अष्टकल, षोडष्कल, ऐसे प्रकार बनते थे। इसके बाद 'देशी ताल' आये जो 120 हुए।

'संगीत रत्नाकर' में 'तालाध्याय' में 120 ताल दिये हैं लेकिन इधर–उधर कर के 154 ताल दिये हैं उसमें। और इसके अलावा फिर हमारी अष्टोत्तरशतताल प्रणाली आयी और उसके बाद कर्णाटक ताल पद्धति आयी और इधर हम हिन्दुस्तानी ताल पद्धति में आये। तो इस तरह से 7 तालों के 35 ताल होते हैं कर्णाटक में, वह एक अच्छी बात है, उसके बाद हमारे जो ताल हैं उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में और otherwise भी जो दूसरे संगीत में प्रचलित हैं, उनमें

सबसे शानदार और सबसे अच्छा और सबसे बढ़िया ताल त्रिताल माना जाता है, और इसलिए माना जाता है कि वह 16 मात्रो का है और 4–4 मात्रा के विभाग हैं और खाली 9 पर है, तो वह जो उसका सौंदर्य है, वह इतना ही है। ठेके की बात करेंगे तो 'नाधिंधिना नाधिंधिंना नातिंतिंना नाधिंधिंना' यह ठेका है। हम बजाते समय उसे 'धाधिंधिंधा' बजाते हैं यह बिल्कुल पक्की बात है लेकिन जो बोल की / पढंत की सुंदरता है, वह है 'नाधिंधिंना नाधिधिना', बजाते समय नहीं है वह। तो यह दो–तीन बातें मैंने इसलिए कह दी कि सिर्फ मेरा काम था थोड़ा बोलना यहाँ पर। Otherwise अब पंडित सुरेश जी 'तालयोगी' और मुझे लगता है कि मैं शायद 40 साल से उनके संर्पक में हूँ और सारी दुनिया प्रभावित है उनसे तो मैं भी प्रभावित हूँ, होना जरूरी है मेरा, और मैं हूँ भी। और मैं कल तो नहीं मिल पाया, लेकिन आज सुबह से बहुत आनंद कर रहे थे हम, वहीं Seminar कर लिये actually, कमरे में। तो मैं समझता हूँ कि अब मैं कुछ सवाल करूँ, यह अच्छा रहेगा।

*Feb. 2021, Vol. 35*
*ISSN 0975-7872*

# *Paper presentation by the panellist*

***Pt. Suresh Talwalkar***
Renowned Tabla artiste
Padma Shri recipient
Sangeet Natak Akademi awardee
Pune

शुरूआत, अगर हम ताल बजा रहे हैं (उदा. रूपक) तो ताल रूपक का जो ठेका है, ठेके की बढ़त होना आवश्यक है। ठेके की बढ़त से ही पेशकार निकल कर आना चाहिए, ऐसा हमारे गुरू–लोगों का कहना है। एकदम शुरू में पेशकार नहीं होता। ताल की फर्शबंदी बनना बहुत आवश्यक है। ताल के 4 हिस्से हैं। क्योंकि तबला, यह साज़ खाली–भरी का साज़ है। पूरी दुनिया में खाली–भरी जो तबले में बजती है, वह कहीं भी बजती नहीं। जैसे राग–संगीत में आरोह–अवरोह ('सारेगमपधनिसां – सांनिधपमगरेसा') वैसे धा तिट धातिट धाधातिट धागे धिंना धेना तातिट तातिट तातातिट तागे तिंना केना, यह खाली–भरी जो है, यह तबला साज़ ने ही create किया है।

## प्रो. भाले

यह जो 'फर्शबंदी' पंडितजी ने अभी कहा, उसका सीधा–सीधा मतलब होता है कि ताल के 4 हिस्से कर के, अब पंडितजी ने ताल रूपक शुरू किया है, तो मैं एक बात इससे संबंधित कहना चाहता हूँ। रूपक में पहली मात्रा पर खाली है, तो किसी साहब ने मुझसे यह कहा था कि यह एक ताल है जिसमें सम पर खाली है, तो क्यों ना इसे ताली कर दी जाए? तो मैं सिर्फ ये आप लोगों की जानकारी के लिए बताना चाहता हूँ, कि 'उद्धत' जो ताल है, जो नाट्यशास्त्र में वर्णित है, उसकी पहली क्रिया निःशब्द है। 'निष्काम शम्या शम्या'। तो यह कोई आज की परंपरा नहीं है, यह हमारी 2000 साल से चली आ रही परंपरा है। और इसका जवाब यह हो सकता है कि हम 8 मात्राओं में, 9 मात्राओं में और अन्य मात्राओं में खाली से शुरू होने वाले ताल–ठेकों की रचना करें और बजाएँ। यह इसलिए मैंने बता दिया, यह बच्चों के लिए है, सिर्फ बच्चों के लिए जो यह समझते हैं कि रूपक में पहली मात्रा पर खाली क्यों है। उनके लिए बता दिया कि यह शास्त्र–संमत है। और जब अभी 1.75–1.75 का खेल हो रहा था, यह कठिन काम है, इसके लिए साधना लगती है। और मुझे लगता है अभी फ़र्शबंदी हो गयी, अब कायदे की बात करें?

*ISSN 0975-7872*

## पंडित सुरेश तलवलकर

मुझे तो पहले इस topic पर बात करनी है थोड़ी–सी, 'सौन्दर्य– Aesthetics'। पहले तो मुझे यह कहना है, कि Aesthetics बंधन में होता है और बंधन आवश्यक है। हमारे राग, ताल, परंपरा, बंधन बनाते हैं। और अभिजात संगीत की हम बात करते हैं तो मेरे ख्याल से संगीत 4 चीज़ों से बंधा हुआ है। एक है शास्त्र, दूसरा है तंत्र, तीसरा है विद्या और चौथा है कला। यह चारों चीज़ें बहुत important मायना रखती है संगीत में और यह music के 4 pillar हैं। इन चारों चीज़ों को अपनाने के लिए मनुष्य के चारों स्तरों पर संगीत विकसित होता है। जैसे कि शरीर, बुद्धि, मन और आत्मा। यह चार चीज़ों से संगीत develop होता है। आत्मा का तो बोलना मुश्किल है, मगर मैं यहाँ तक कहता हूँ कि तंत्र शरीर से जुड़ा हुआ है। कैसे हाथ रखा जाए, उसकी किस तरह movement हो जाए, उसका वज़न कितना दिया जाए, अगर नृत्य हो तो कैसे खड़ा रहना है, कैसे अंग रखना, सितार (इत्यादि साज़) कैसे पकड़ना और उसको किस तरह movement कर के पेश करना, यह सारी तंत्र की क्रिया है। वह शरीर से साधी जाती है। बुद्धि से शास्त्र और विद्या संपादित किए जाते हैं। और जो कला है, कला याने सौंदर्य, aesthetics, वह मन से साधा जाता है। अब ये तीनों के अभ्यास के लिए शरीर, बुद्धि, मन की आवश्यकता है। अब यह देखा जाए कि तंत्र कितना करना चाहिए। तंत्र के बारे में विष्णु दिगम्बर पलुस्कर जी को पूछा गया था, कि तंत्र का महत्त्व बताईए। तो उन्होंने कहा कि, एक पलटा अगर सौ बार कहते हो, तो याद हो जाता है, 300 बार अगर एक पलटा बनाएँगे, तो कभी life में भूलेंगे नहीं आप, मगर 1000 बार करेंगे पलटा, तो उसको तेज आना शुरू होता है। तो यह उसकी एक तांत्रिक प्रक्रिया हो गयी।

अब शास्त्र, हमारे यहाँ एक ही सुर के अलग–अलग राग हैं। जैसे कि देसकार है और भूप है, दोनों के सुर एक ही हैं। तोड़ी है, मुल्तानी है। सोहनी है, पूरिया है, मारवा है, तीनों के सुर एक ही हैं, लेकिन तीनों अलग हैं, और यह अलगता और विषेशता अपनी पहचान, जैसे 14 मात्रे का धमार है, झूमरा है, आड़ा चौताल है, दीपचंदी है, तो इतने सारे रागों की और तालों की पहचान शास्त्र की वजह से ही की जाती है। शास्त्र के बगैर नहीं होती। तो शास्त्र अनिवार्य है। अगर थोड़ा–सा भी ठुमरी का प्रकार शुरू करते हैं तो उसमें अपने आप दूसरा राग आ ही जाता है, और सारे बुजुर्गों ने वैसा किया भी है, लेकिन जिसको हम अभी शास्त्रीय या राग–संगीत कहते हैं, वैसे ताल के बारे में ताल–संगीत क्या है? यह हर एक तबला वादक को सोचना चाहिए, कि पेशकार अगर हम बजा रहे हैं, तो लग्गी–सदृष्य हमें बजाना नहीं चाहिए। धातिंनाड़ा–धातिंनाड़ा–धातिंनाड़ा पेशकार में नहीं करना चाहिए। उसकी जगह है एक–एक। तो हम लोग जो काम कर रहे हैं उसका आविष्कार क्या है यह समझने के लिए गुरू की ज़रूरत होती है, क्योंकि गुरू

संस्कार के द्वारा ही बताते हैं कि क्या योग्य है और क्या अयोग्य है। और सही–ग़लत तो गुरू बताएगा ही, शास्त्र भी बताता है, लेकिन कभी–कभी ऐसा होता है कि सही रहते हैं मगर करना नहीं चाहिए, ऐसा भी होता है। राग दरबारी गा रहे हैं और बहुत मुर्कियाँ ले रहे हैं, हरकतें बहुत ले रहे हैं। तो यह तो राग की तबियत है, राग के जो संस्कार रहते हैं, वैसे ताल के भी संस्कार हैं, और ताल के संस्कार यह तालाध्ययन के बिना होते नहीं हैं। तालाध्ययन होना बहुत ज़रूरी है। सुर यह लय की तुलना में स्थिर है, और लय गतिमान है। स्वर कलाकार की एकाग्रता बताता है और लय आत्मविश्वास बताता है।

यह आत्मविश्वास की स्थिति को कायम करके उससे परे जाना यानि ताल का छंद होना। ताल का छंद होना मतलब क्या? छंद का सीधा–सादा मतलब है, ताल की मात्रा गिनने की आवश्यकता ना पड़े। ताल दिमाग में चलने लगे, जैसे कि आड़ा चौताल। आड़ा चौताल पुराना ताल है और बहुत कम बजाया जाता है। एक ज़माने में आड़ा चौताल को 'आड़ा' ही कहते थे, चौताल बाद में आया, क्योंकि चौताल का ताली से संबंध है। आप बताईए 'आड़ा' क्यों कहते हैं? यह जब गुरूजी ने एक बार पढ़ंत कर के बताया कि कितना आड़ जा रहा है, क्योंकि जिस ताल की विषेशता 2–2–2–2–2–2, ऐसा कहेंगे तो आड़ लगेगा ही नहीं। मगर हमारे गुरूजी ने कैसे कहा, और यह करने में संगीत में क्या आवश्यक चीज़ें होती हैं, aesthetics को (ताल के aesthetics) को समझने के लिए। यह कह रहा हूँ

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **धिं** | **त्रक** | **धिं** | **ना** | **तुं** | **ना** | **क** | **त्ता** | **त्रक** | **धिं** | **ना** | **धिं** | **धिं** | **ना** |
| **×** | | **2** | | **0** | | **3** | | **0** | | **4** | | **0** | |

मगर उसके वज़न जो हैं ठेका जो है यह poetry है। ठेका यह ताल की पहली बंदिश है और उसका बर्ताव कैसा होना चाहिए, 'आड़ा' क्यों कहा?

अब यह ताल दिमाग में ऐसा चल रहा है, (तो क्या टुकड़ा ले रहा हूँ) यह मुझे भी मालूम नहीं। आप कोई कहेंगे ''फिर से कहिए'' तो संभव नहीं है। यह spontaneity जो है, उसके लिए हमेशा ताल का छंद होना आवश्यक है। आमद बन–बन कर आ रही है, और आते–आते confidence आ गया तो लगा कि इसका रास्ता मोड़ दूँ। Fixed composition का क्या मतलब है? हमें जो–जो अच्छे लोग मिले, संगीत में बुज़ुर्ग मिले, बोले ''ताल की बंदिश क्या बताती हैं? बंदिश रचनाकार का महत्व बताती है।'' और बोले ''गायकी में कलाकार दिखता है।'' वैसे तबले में बंदिशें रचनाकार का महत्व बताती हैं और हमारे पेशकार, उपज, उपज–अंग, विस्तारक्षम रचनाएँ, उनमें कलाकार दिखता है। तो ये ज़रूरी चीज़ है कि music में total balance कैसे रखना चाहिए।

मुझे इतना ही तात्पर्य करना है, और आप जो बैठे हैं उनसे भी मैं बात करना चाहता हूँ, कुछ पूछना भी चाहता हूँ। अगर ताल का छंद होना चाहिए यह अगर आप लोगों को पसंद है बात, तो राग का क्या होना चाहिए? मेरे हिसाब से राग की धुन बननी चाहिए। और राग की जब धुन बन जाती है, चाहे कितना भी मुश्किल राग हो, बिहागड़ा, खोकर, और कोई भी हो, पटमंजरी हो, राग की जब तक धुन नहीं बनती है और ताल का छंद नहीं बनता है, तब तक संगीत शुरू नहीं होता। यह बुजुर्गों ने बात कहीं है। कोई घर में बांध के आता है क्या आलाप? अगर आलाप बांधने का समय आ गया तो समझ लीजिए कि इस जनम में possible नहीं है। आलाप तो अपने मन से बाहर आने चाहिए। उसी तरह से पेशकार–कायदे। कल जो कायदा बजा रहे थे, आज वही कायदा बजा रहे हैं, मगर आज उसकी लय अलग आ गयी, आज आड़ी में वह कायदे को खोल रहे हैं, कल चतस्र में खोल रहे थे। परसों खण्ड में खोलेंगे, लेकिन कायदा वही है। और यही तो सौन्दर्य है, चाहे कल की खिचड़ी आज बने लेकिन आज की खिचड़ी अलग रहे।

यह कला है। और कला नाम की चीज़ जो है, aesthetics, वह व्यक्त होने से पहले कलाकार को दिखता है। कोई भी सुंदरता व्यक्त होने से पहले कलाकार के सामने आ जाती है, और यह 'आना' कहाँ से प्राप्त होता है? यह केवल गुरू के सिखाने से आता है? aesthetics सिखाने से आता है? बहुत लोग कहते हैं कि नहीं! फिर बगैर सीखे आता है? तो भी नहीं! जो सिखा कर भी नहीं आता, बगैर सीखे भी नहीं आता, वह 'संस्कार' से आता है। और भारतीय संगीत में संस्कार इतने important हैं। जैसे कि हमने शुरू में बताया–शास्त्र, तंत्र, विद्या और कला, यह चार अंग है। तो शास्त्र सिखाया नहीं जाता है, शास्त्र बताया जाता है। तंत्र सिखाया जाता है, विद्या दी जाती है और कला संस्कारित होती है। और यह चारों अंग, आज हम शास्त्र सीखने जा रहे हैं, आज तंत्र सीखने जा रहे हैं, ऐसा नहीं होता है। गुरू–शिष्य परंपरा में एक साथ सारी चीज़ें मिलती हैं। आज सीखने के बाद आज कुछ भी मालूम नहीं पड़ता है, परंतु अगर रियाज़ ठीक चला, तो शागिर्द को 10 साल बाद पता चलेगा कि अपने को क्या मिला। गुरू आज बताता है, परंतु शागिर्द को कभी आज मालूम नहीं पड़ता। चाहे वह बंदिश मालूम हो, लेकिन बंदिश का सही मतलब मालूम होने के लिए क्या आवश्यक है? रियाज़ ठीक है, मगर रियाज़ से भी परे है साधना। क्योंकि रियाज़ उद्देश्य–प्राप्ति के लिए होता है, साधना उद्देश्य के बगैर होती है। और इसका प्रवास कैसा है?

संगीत को देखकर जो ज्ञान प्राप्त होता है, वह ज्ञान कभी भी बाहर से अंदर नहीं आता है। ज्ञान अंदर से ही बाहर जाता है। बाहर से information आती है, और ज्ञान प्राप्त करने के लिए देखिए उसका कैसा stage है। ज्ञान अनुभूति के बगैर प्राप्त नहीं होता है। एक अनुभूति होनी चाहिए, लेकिन experience यानि अनुभूति नहीं है। 'अनुभव' जिसे बोलते हैं, वह अनुभूति नहीं है।

अनेक अनुभवों से एक ही चीज़ दिखाई देती है जो व्यक्त करना नहीं आता है, मगर अंदर समझ आने लगता है कि ''अरे! यह है! यह सही 'धा' है! यह 'तिट' है।'' यह ढेर सारी अनुभूतियों से ज्ञान प्राप्त होता है। अनुभूति साधना के बगैर प्राप्त नहीं होती। अगर साधना ही नहीं रहे तो अुनभूति क्या काम की! कैसे प्राप्त होगी? फिर साधना करने के लिए संस्कार होना आवश्यक है। ज्ञान अनुभूति के बगैर नहीं, अनुभूति साधना के बगैर नहीं, साधना संस्कार के बगैर नहीं और संस्कार गुरू के बगैर नहीं।

घण्टों–घण्टों गुरू के सामने बैठे रहिए, और गुरू कैसे पानी पीते हैं, क्या बोलते हैं, कैसे चलते हैं, नहीं तो classroom में एक राग सीख कर आये और घर आये, उसका कोई मतलब नहीं है। गुरू के साथ श्रवण और सहवास, इन दो चीज़ों से ही संस्कार प्राप्त होते हैं। और तभी तो पता चलता है कि aesthetics नाम की चीज़ क्या है। Aesthetics के बारे में होता है कि सुंदर तो बहुत सारे लोगों की बहुत चीज़ें लगती हैं, लेकिन उसका दर्जा समझने के लिए गुरू की आवश्यकता होती हे। कोई एक बात सुंदर है लेकिन filmy है तो अपने दरबारी राग में कैसे चलेगी? इसी तरह से ताल के संस्कार आवश्यक हैं। ताल में योग्य–अयोग्य क्या है यह गुरू ने बताना बहुत आवश्यक है। सिर्फ 10 कायदे दिये, 15 चीज़ों का विस्तार बताया, तिहाई बताई, इससे नहीं होता है। कायदे का मतलब ताल के साथ, आवर्तन के साथ कैसे जा रहा है, वह बहुत आवश्यक क्रिया मानी जाती है। और तब समझ में आने लगता है कि वह ताल का खण्ड है। विलम्बित से ले कर द्रुत तक उसका एक छंद दिमाग में बैठना चाहिए। बाकी ताल की मात्रा गिनने की ज़रूरत नहीं पड़नी चाहिए, ऐसा हमारे बुजुर्गों ने कहा है। और मेरी हमेशा यही कोशिश रही है कि ताल अगर दिमाग में नहीं बैठा है तो मैं नहीं बजाता हूँ। जो दिमाग में set होता है, झपताल, रूपक (वही बजाता हूँ/बजाऊँगा)।

वैसे तो रागों की तुलना में ताल बहुत कम रखे जाते हैं। ताल का aesthetics समझने में थोड़ी बौद्धिक क्रिया अधिक है, और उसके लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। रागों की तुलना में ताल थोड़ी कठिन क्रिया मानी जाती है, बौद्धिक क्रिया है, इसलिए ताल का aesthetics समझना बड़ा मुश्किल है। मगर मेरे लय–ताल के गुरू, जो यहीं के हैं, रामनाड़ ईश्वरन जी, he was in Delhi, उनकी वजह से कुछ मुश्किल चीज़ें आराम से मालूम पड़ गयी। यह लय–ताल के साथ खेलना जो है, यह बौद्धिक है लेकिन उसको हज़म करना भी बहुत ज़रूरी है। इसमें aesthetics है लेकिन यह बौद्धिक aesthetics हैं। लय के खेल में भावना नहीं है ऐसा नहीं, लेकिन भावना से कईं ज़्यादा इसमें लय की accuracy है। सूक्ष्म लय को digest करना होता है और फिर कलात्मक तरीके से स्थूल लय की तरफ देखना, कि कविता कैसे बजे, वहाँ simplicity का aesthetic महत्व क्या है यह दिखता है। लय–ताल का काम मुश्किल होने के बाद सही कलाकार के सामने अलग–अलग तरह के problems खड़े रहते हैं। बहुत मुश्किल बजाना आता है मगर

simple बजाना नहीं आता। ऐसे comments 20 साल पहले मुझ पर होते थे। वापिस 'धाधातीट धाधातुंना' में गये हैं और वापिस वह साधना की। और इस संपूर्ण कला का aesthetics समझने में एक life कम भी पड़ती है।

आपको aesthetics की last अवस्था बताता हूँ और किस्सा बता कर खत्म करता हूँ। मैं कुछ ज़माने में पंडित भीमसेन जोशी जी के साथ खूब बजाता था। तो मैंने अपने गाने के गुरू पं. निवृत्तिबुवा सरनाईक से कहा कि भीमसेनजी अजीब हैं। उनके साथ संगत करते time वे रहते नहीं हैं वहाँ। उन्हें मालूम नहीं होता आज संगत के लिए सुरेश तलवलकर हैं, शशिकांत मूले हैं, वसंत आचरेकर हैं, कौन है? एक अवस्था प्राप्त कर ली उन्होंने। यह aesthetics के ऊपर की स्थिति बता रहा हूँ। वे भूल जाते हैं। निवृत्तिबुवा ने पूछा, ''यह तुम्हारा सोचना confirm है?" मैंने बोला confirm है और बहुत बार मैंने इस चीज़ का अहसास किया है। तो वे बोले कि यह रामभाऊ (सवाई गांधर्व) का प्रसाद मिला है उनको (रामभाऊ कुंदगोलकर, भीमसेन जी के गुरू), और यह बोल के उन्होंने अपना किस्सा बताया, कि वे भीमसेनजी के आने से बहुत पहले 6 साल सवाई गांधर्व से सीखे। तब एक दिन सवाई गांधर्व जी ने उन्हें शाम को 5 बजे अपनी एक महफिल में तानपुरा संगत करने कहा। वे किसी कारणवश देरी से पहुँचे तब तक गाना शुरू हो गया था। एक तानपुरे पर गंगुबाई हंगल और एक पर निवृत्तिबुवा के चाचा श्री शंकरराव सरनाईक संगत कर रहे थे। निवृत्तिबुवा डर–डर के आगे बैठ गये, और गाना खत्म होने पर सवाई गांधर्वजी से मिलने अंदर गये और कहने लगे कि उस दिन जैसा पूरिया उन्होंने कभी ज़िन्दगी में नहीं सुना। तब सवाई गांधर्वजी ने उल्टा उन्हें पूछा कि, "निवृत्ति, तू कहाँ बैठा था?" निवृत्तिबुवा चौंक गये और सोचने लगे कि पूरा राग उनकी ओर देख के गाये और पूछ रहे हैं कि वे कहाँ बैठे थे? मतलब through देखना। देख रहे हैं मगर कौन है यह मालूम नहीं। यह अवस्था संगीत में प्राप्त होती है, वह aesthetics के ऊपर की चीज़ है।

धन्यवाद!

## प्रो॰ भाले

इसके बाद मैं अब कुछ नहीं बोलूंगा, क्योंकि इतना बढ़िया सब बोला गया है और आप सब इतने आनंदित हैं, मुझे लगता है सब लोग recharge हो गये। मैं धन्यवाद देता हूँ पंडितजी को। पंडितजी में जो विशेषता है, कि वे ऐसी बातें बहुत अच्छे से समझा सकते हैं जो अमूमन मुश्किल हैं। मुझे लगता है इनकी 150 साल की तपस्या है कम–से–कम।

तो मैं धन्यवाद देता हूँ, मुझे बुलाने के लिए धन्यवाद! आप आये, thank you! ओजेश, विनय और प्रशांत, तीनों का बहुत–बहुत धन्यवाद।

*Feb. 2021, Vol. 35*
*ISSN 0975-7872*

# Session V

## *Aesthetic manifestation of Raga in Hindustani Vocal Music (Tappa)*

Opening remarks by the Chairperson

***Prof. Suneera Kasliwal***
Eminent Sitarist
Fmr. Dean & Head
Faculty of Music & Fine Arts
University of Delhi
Delhi

भारतीय संगीत में राग व ताल द्वारा सौन्दर्य अभिव्यंजना। इस दो दिवसीय विचार गोष्टी के अंतिम सत्र में आपका स्वागत और अभिनंदन। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो॰ नज़मा परवीन अहमद को करनी थी, लेकिन क्योंकि वह कुछ स्वस्थ नहीं है इसलिए मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं नज़मा जी के स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूँ। और इस सत्र को प्रारंभ करती हूँ। मंच पर विराजमान है हमारे देश के गौरव पं॰ लक्षमण कृष्ण राव पंडित। पं॰ जी ग्वालियर घराने के मूर्धन्य गायक हैं और किसी भी प्रकार के परिचय का मोहताज नहीं है। सब जानते हैं कि आप ग्वालियर घराने के एक मूर्धन्य कलाकार हैं और इस Faculty से बहुत लंबे समय तक जुड़े रहे हैं। जो विद्यार्थी अभी यहां पर नए हैं उनको मैं बता दूं कि पंडित जी बहुत वर्षों तक इस Department से जुड़े रहे हैं। पहले Radio में थे और फिर इस Department से जुड़े रहे हैं।

पं॰ जी का संबंध ग्वालियर घराने से है। ग्वालियर घराना ख्याल गायकी का पितृ घराना कहलाता है। और सभी घरानों का मूल है। जितने भी अन्य ख्याल के घराने हैं वो इसी घराने से निसृत हुए हैं, ऐसा माना जाता है। इस घराना की ख्याल गायकी को अष्टांग गायकी कहा जाता है। और इस घराने की एक बहुत बड़ी विशेषता है कि इसमें ख्याल के अतिरिक्त तराना, त्रिवट, चतुरंग, अष्टपदी, टप्पा व ठुमरी भी गाए जाते हैं। इस घराना के रचनाकारों ने इन सभी गेय विधाओं में अनेकानेक रचनाएँ की और उनका प्रचार व प्रसार किया। आज हमारे मध्य पं॰ लक्ष्मण कृष्ण राव पंडित टप्पा गायकी पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तुत है पंडित जी का टप्पा गायकी पर सोदाहरण वार्ता। और अब मैं मंच पंडित जी को देती हूँ।

*Feb. 2021, Vol. 35*
*ISSN 0975-7872*

# *Paper presentation by the panellist*

***Pt. Lakshman Krishnarao Pandit***
Renowned Hindustani classical vocalist
Sangeet Natak Akademi awardee
Retd. Reader, Dept. of Music
University of Delhi
Delhi

मियां शोरी (गुलाम नबी) को ख्याल गायकी की तालीम अपने पिता गुलाम रसूल से प्राप्त हुई थी। परंतु उनकी आवाज़ काफी पतली थी इसलिए ख्याल गायकी में इतना असर नहीं पैदा कर पाई और उसका रंग नहीं जमता था। इस कारण वह एक ऐसी शैली की तलाश में थे जोकि उनके गले को असरदार बनाए। और पारिवारिक कुछ कारणों से भी उन्हें लखनऊ छोड़ना पड़ा। वह पंजाब गए, पंजाबी भाषा सीखी, वहां के लोक गीतों को देखा जिसका उनपर बहुत प्रभाव पड़ा। उन्होंने रागों और तालों में बांधकर एक नवीन शैली का निर्माण किया जिसे टप्पा कहते है। 'शोरी मियाँ' इस शैली के प्रवर्तक माने जाते हैं। उनके बनाए गए बहुत सारे टप्पे आज उपलब्ध है। जो टप्पा गाते हैं उनके पास शोरी मियाँ के टप्पे जरूर होंगे। प्राचीन काल में पाँच गीतियों का उल्लेख पाया जाता है। उनमें से बेसरा गीति का संबंध टप्पा शैली से जोड़ा जा सकता है। जब लखनऊ में वापिस आए, तो उन्होंने इस शैली का प्रदर्शन किया। जो लोगों को बहुत भाइ। गाने की नई शैली थी और नया प्रकार था, स्वरों का नया रूप था जो उनको बहुत भाया। लखनऊ में लोकप्रिय होने के बाद इस शैली का प्रचार बनारस, ग्वालियर, कलकत्ता आदि जगहों में हुआ। ग्वालियर में इस शैली का अभूतपूर्व से स्वागत किया। यहां गाई गई प्रत्येक शैली पर चाहे वो ख्याल हो, तराना हो, ठुमरी हो या पद हो उस पर टप्पा शैली का पुट अवश्य मिलता है। ग्वालियर के उस्ताद नत्थन पीर बक्श, उस्ताद गुलाम रसूल की परम्परा से संबंधित होने के कारण उनके तमाम शिष्यों ने इस गायकी का पूरे भारतवर्ष में प्रचार किया। यहां टप्पा गायकी की अंश वाली उपशैलियां बनी जैसे कि ख्याल नुमा टप्पा, टप्प ख्याल, टप्प तराना, टप्प ठुमरी हिंदी और मराठी भाषा में गाए जाने वाले पद आदि का बहुत प्रचलन हुआ।

मेरे दादाजी पूज्य पं॰ शंकर राव पंडित जी और उनके गुरू ग्वालियर वाले उस्ताद निसार हुसैन खाँ साहब हमारे घर में ही रहते थे। दोनों ने ही अनेकों ख्याल, तराना और पदों की रचना की, जिसमें टप्पा शैली का पुट है, उसका अंश मिलता है। मेरे पूज्य पिताजी पं॰ कृष्ण राव शंकर पंडित जी तथा मैं स्वयं और मेरी बेटी चिरंजीव मीता पंडित हर कार्यक्रम में टप्पा गायन करते

हैं।

अब मैं आता हूँ टप्पे की विशेषता पर। टप्पा क्या है?

टप्पा एक चंचल प्रकृति का गाना है। चंचल प्रकृति से सौन्दर्य का निर्माण किया जाता है। लच्छेदार तानें, मुर्की, खटका, ज़मज़मा, फंदा, विशिष्ट अंदाज की अवरोह प्रधान तानें। इन सबसे सुशोभित टप्पा गायकी एक अप्रतिम गायकी है। इस गायकी का आनंद एक बार मुझे गाड़ी में लेने का मौका मिला था। एक बार 1960 की दशक में, तानसेन समारोह समाप्त करने के बाद, हम station पर आए। Station पर विदुषी रसूलन बाई, विदुषी नैना देवी, पं॰ देबु चौधरी यह सभी लोग उपस्थित थे। लेकिन हम सब लोग एक ही डब्बे में थे उस समय AC का इतना प्रचार नहीं था। हम लोग 1st class बोगी में सफर कर रहे थे और हमारा conductor अच्छा था, उन्होनें हमें 4 seat का केबिन दिलवाया था। नैना जी के पास हारमोनियम था और गाड़ी में बैठते ही नैना जी ने हारमोनियम निकाल लिया और रसूलन बाई के पीछे लग गई कि रसूलन जी आज तो आप हमारे साथ हैं, तो उन्होंने टप्पा सुनाया। उन दिनों steam engine चतला था, और Canadian engine नए–नए आए थे। तो जब चंबल की बीहड़ों में चल रहे थे तो उसकी चाल और फिर यहां टप्पा का आनंद, क्या बात है। उन्होंने टप्पे गाए और उन्होंने 3–4 टप्पे सुनाए। फिर उन्होंने मुझे टप्पे सुनाने के लिए कहा। मैंने भी टप्पे सुनाए। और बाद में फिर उन्होंने सुनाए। इस प्रकार से कब दिल्ली आ गए पता नहीं लगा। कूली ने पहले आकर बोला कि दिल्ली आ गई है आपको उतरना नहीं है? इतनी शानदार वो टप्पा की शाम मुझे आज भी याद है। गाड़ी में टप्पा सम्मेलन।

टप्पा गायकी के लिए खास अभ्यास करना पड़ता है। यह एक अत्यंत कष्ट साध्य गायन शैली है। इसको साधने के लिए आपको स्वर और लय दोनों पर अधिकार प्राप्त करना पड़ता हैं। क्योंकि यहां मौका नहीं मिलेगा कि आप देखलें कहां सम आ रहा है और फिर आलाप बड़ा दिया। यहां मौका नहीं मिलेगा, आपको सम पर ही खत्म करनी पड़ेगी अपनी गायकी। ध्रुपद और ख्याल से संक्षिप्त और निराली है। तानों के विशिष्ट प्रकार, बोलतान आदि से सजाते हुए, बोलबांट के प्रकारों में लय के झूले में झूलते हुए, दानेदार तानों की चमत्कार गुच्छों की माला पिरोते हुए, सम पर एक बंदूक की गोली की तरह आना, टप्पा गायकी की विशेषताएँ हैं। इसमें दानेदार, खनकती हुई आवाज़ में औडव प्रधान छोटी–छोटी तानों के साथ स्वरों को विशिष्ट समुदायों में बांधा जाता हैं।

तानों की माला पिरोनी पड़ती है। जिसके लिए अभ्यास, सोच, और तालीम लगती है। और फिर लय के साथ इसका बहुत संबंध है क्योंकि बंदूक की गोली की तरह इसकी सम आती

है। इसकी जो ताल है वो झूमते हुए आती है। जैसे–पंजाबी, अद्धा, तीनताल, सितारखानी और पश्तो ऐसे तालों का प्रयोग किया जाता हैं।

टप्पा गायकी के घराने नहीं पाये जाते। प्रस्तुति में अंतर अवश्य रहता है, जिसके लिए ग्वालियर और बनारस प्रसिद्ध हैं। इसकी भाषा अधिकतर पंजाबी के अलावा पश्तो, हिंदी, उर्दु भाषा में भी टप्पे पाए जाते हैं। और इसमें अधिकतर श्रृंगार रस पाया जाता है। कुछ रचनाओं में आध्यात्मिक विषयों की झांकी भी पाई जाती हैं। इसमें जिन रागों में ठुमरी गाई जाती हैं उन्हीं रागों में ज़्यादातर टप्पा रचना पाई जाती हैं। जैसे भैरवी, खमाज, काफी, झिंझोटी, बरवा, पीलू, तिलंग आदि।

ग्वालियर में तो ख्याल गाई जाने वालों में टप्प ख्याल, टप्प तराना आदि पाया जाता है। इसका प्रचार कलकत्ता में नीदू बाबू ने बहुत किया। टप्पा गायकी का प्रभाव बंग्ला भाषा में रविन्द्रनाथ ठाकुर के रवीन्द्र संगीत में, नज़रूल इस्लाम के नज़रूल गीति में और बहुत सारे गायन शैलियों में पाया जाता हैं। शक्तपदावली, बंग्ला कीर्तन, प्राचीन गीत, नाट्य गीतों में आगमनीय और बिजौय गीत, जानी मानी श्यामा संगीत, बंगाल के टप्पों और टप्प ख्याल में इसका पुट पाया जाता है। उन्होंने टप्पे का भावात्मक पक्ष लेकर उसको उसमें जोड़ा हैं। नीदू बाबू के टप्पों को पुरातनी गान कहा जाता है। नीदू बाबू के अलावा काली मिर्ज़ा, कालीपद पाठक,चंडीदास माल, हीरालाल सारखेल इन लोगों ने भी टप्पा में रचनाएँ बनाई हैं। यह है टप्पे के बारे में जो मैंने संक्षिप्त में आपको बताया। मराठी नाट्य गीत और लावनी में भी टप्पा मिलता है। टप्पे का अंश बहुत जगह है। मैं चाहता हूँ कि आप लोग टप्पा अपनाए। गले में यदि लोच पैदा करना है तो टप्पा गायकी सीखे, उसके लिए गुरू का मार्गदर्शन आवश्यक है। Cassette से या टप्पा की recording सुनने से नहीं आएगा। टप्पा गायकी बहुत समृद्ध गायकी हैं। बहुत टप्पे हैं, बहुत टप्प ख्याल हैं, बहुत ख्याल नूमा टप्पे हैं, टप्प तराने हैं, टप्प ठुमरियाँ हैं। और अष्टपदी आदि बहुत सारे प्रकार हैं। जब बंगाल में बड़े–बड़े लोगों ने इसको अपनाया है, इसके भावात्मक पक्ष को लिया है तो आपको भी लेना चाहिए। क्योंकि यह बहुत अप्रचलित हो रही है यह गायकी बहुत कम लोग गा रहे है, मैं चाहता हूँ कि लोग गाए और सबसे पहले तो यह शिष्य लोग भी सीखे, यहां के विद्यार्थी भी सीखे टप्पा गायकी को। उससे इसका प्रचार होगा। और यह लुप्त नहीं होगी। आपका बहुत–बहुत धन्यवाद। नमस्ते!

**प्रो॰ कासलीवाल –**

बहुत बहुत धन्यवाद पंडितजी। आपने बहुत ही सारगर्भित यहां पर टप्पा के ऊपर अपनी सोदाहरण वार्ता प्रस्तुत की। ऐसे तो यह self-explanatory था लेकिन पंडित जी ने जिन–जिन

मुद्दो पर चर्चा की है उनकी कुछ बातें मैं यहां बताना चाहती हूँ–

1) भरतोक्त रसों में जो अद्भुत रस नियोजित किया गया है उसमें टप्पा गायन के द्वारा अद्भुत रस की निष्पत्ति होती है।

2) यह एक स्वतंत्र शैली है।

3) शोरी मियां इस शैली के प्रवर्तक हैं।

4) प्राचीन काल की जो 5 गीतियां हैं उसमें से वेसरा गीति से इसका संबंध बनाया जा सकता है।

5) ग्वालियर घराने में ख्याल, तराना, अष्टपदि में टप्पा शैली के अंश मिलते हैं।

6) टप्प ख्याल, टप्प तराना, टप्प पद, टप्प ठुमरियाँ, ख्याल नुमा टप्पा इस तरह की बहुत सारी रचनाएँ ग्वालियर घराने में मिलती हैं।

7) टप्पा गायकी के लिए पतली और लचीली आवाज़, लच्छेदार तानें और मुर्की, फंदा और ज़मज़मा का प्रयोग किया जाता हैं। अत्यंत कष्ट साध्य शैली है और आजकल ये लुप्त हो रही है।

8) ताल व स्वर पर अधिकार होना चाहिए, बोलतान, बोलबांट, दानेदार तानों की भरमार होती हैं। तानों की माला पिरोनी पड़ती है। यह बात पंडितजी ने बताई और इसका जो सम है वह बंदूक की गोली की तरह आती है। इसलिए ताल पर बहुत अधिकार इस गायकी को चाहिए।

9) पंजाबी, गिदवई, अद्धा, सितारखानी, पश्तो इन तालों का इस शैली में प्रयोग होता है।

10) टप्पा गायकी के कोई घराने नहीं हैं लेकिन दो तरह के टप्पे पंडितजी ने बताए कि ग्वालियर के अलावा बनारस के टप्पे प्रसिद्ध हैं और आपने यहां पर बंगाली टप्पा की भी एक बानगीत सुनी। पंडित जी के इस टप्पा गायन शैली के सोदाहरण वार्ता से मैं सोचती हूँ कि बच्चों के मन में टप्पा के प्रति आदर उत्पन्न हुआ होगा और वो इसे सीखना चाहेंगे।

धन्यवाद पंडितजी। मैं मंच पर उपस्थित सभी संगत कलाकारों को धन्यवाद देती हूँ।

**पंडित जी –**

मैं दो शब्द और कहना चाहूंगा कि वादन शैली में भी टप्पा गायन आ सकता है, मगर

सीमित मात्रा में। एक बार मेरे मित्र उस्ताद अब्दुल हलीम ज़ाफर खाँ साहब और हम बैठे थे। उनके हाथ में सितार था और मेरे हाथ में तानपुरा। टप्पे पे बात बनी, और जब मैंने टप्पा शुरू किया तो उन्होंने उसे follow तो किया मगर वो मुझे बोले कि यह बहुत कठिन शैली है, इसमें ज़मज़में है। वो सितार में आना मुश्किल है। मगर कोशिश करने पर टप्पा शैली की जो तानें हैं, औडव प्रधान तानें है वह आ सकती है।

**प्रो॰ कासलीवाल –**

पंडित जी मैं एक बात बताना चाहूंगी कि एक बार मैंने पंडित बुद्धादित्या मुखर्जी को interview किया T.V. के लिए और उन्होंने टप्पा इतना सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया, वो मेरे ख्याल से archieve में भी होगा और बुद्धादित्या जी से आप सबने टप्पा सुना ही होगा सितार पर, वह बहुत अच्छा टप्पा प्रस्तुत करते है।

**पंडित जी –**

ठीक है आप जो कह रही हैं वह बिल्कुल सत्य है। लेकिन उस्ताद हलीम ज़ाफर खाँ का दर्जा आप जानती है सितार वादन में। वह जब कह रहे है तो उनका कहना ज़्यादा सत्य प्रतीत होता है। वो कह रहे थे वादक टप्पा बजाते नहीं। बौर बुद्धा जी टप्पा बजाते है, तो उन्होंने बहुत अच्छा प्रयास किया है कि वह टप्पा बजाते है। मगर मैंने कहा ना गला बादशाह है। गले की सारी बातें, सारी बारीकियां instrument में नहीं आ सकती। गले का सबसे नज़दीक का साज़ जो माना जाता है वह है सारंगी, उसके बाद वायलिन। Instrument वालों को भी कोशिश करनी चाहिए यही मैं कहना चाहता हूँ।

धन्यवाद।

# DEPARTMENT OF MUSIC

## Faculty of Music & Fine Arts

## University of Delhi